बीकानेर की सांस्कृतिक धरोहर को बचाने की कवायद

बीकानेर,(कासं)। शहर की सांस्कृतिक पहचान को नई ऊंचाई देने के लिए बुधवार को जिला मुख्यालय पर 'रंग दे बीकाणा' अभियान की शुरूआत हुई। जिला प्रभारी सचिव व शिक्षा सचिव कृष्ण कुणाल ने महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज से इस अभियान का शुभारंभ किया।

इस दौरान प्रभारी सचिव कुणाल समेत जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि, नगर निगम कमिश्नर मंयक मनीष ने कॉलेज की दीवार पर लिखे 'रंग दे बीकाणा अभियान' अक्षरों में रंग भरा। इस दौरान अतिथियों ने 'रंग दे बीकाणा' पोस्टर का विमोचन भी किया। जिला प्रभारी सचिव कृष्ण कुणाल ने इस अवसर पर कहा कि यह अभियान केवल वॉल पेंटिंग नहीं है बल्कि सामुदायिक सहभागिता से शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के साथ- साथ सांस्कृतिक धरोहर को बचाने की कवायद भी है। इसमें सभी की सहभागिता आवश्यक है।

- **रंग दे बीकाणा अभियान में जिला मुख्यालय की करीब 10 हजार वर्ग फीट दीवारों को आगामी तीन महीनों में विभिन्न संदेश वाहक चित्रकारी से रंगा जायेगा**

जिला प्रभारी व शिक्षा सचिव कृष्ण कुणाल ने महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज से 'रंग दे बीकाणा अभियान' का शुभारंभ किया।

पेंटिंग के बाद दीवार अगर सुंदर लग रही है तो उस पर थूकें नहीं, गंदगी ना करें। हमें शहर की धरोहर को बचाकर रखना है। नगर निगम कमिश्नर मयंक मनीष ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत जिले में यह अभियान जिला प्रशासन, नगर निगम और बीडीए की ओर से कॉन्ट्री फाउंडेशन के सहयोग से सीएसआर फंड से चलाया जायेगा। नगर निगम की हेरिटेज सेल इसे संचालित करेगी। प्रथम फेज में जिला मुख्यालय की करीब 10 हजार वर्ग फीट दीवारों को आगामी तीन महीनों में विभिन्न संदेश वाहक चित्रकारी जैसे पर्यावरण, महिला सशक्तिकरण, खेलकूद, मानसिक स्वास्थ्य, स्वच्छता, फिटनेस इत्यादि संदेश से रंगा जायेगा। प्रथम फेज में अस्पताल, मेडिकल कॉलेज, पॉलिटेक्निक कॉलेज, डूंगर कॉलेज और केन्द्रीय विद्यालय इत्यादि की दीवारों को शामिल किया गया है।

कॉन्ट्री फाउंडेशन के संस्थापक रोहित अग्रवाल ने बताया कि अभियान में एनजीओ, स्कूल और कॉलेज के छात्र-छात्राएं, आर्टिस्ट, सिटीजन भी शामिल होंगे। वाट्सअप ग्रुप पर आर्टिस्ट पूल बनाकर इन सबको जोड़ा जायेगा। अग्रवाल ने बताया कि वर्ष 2017 में गांधी जयंती के अवसर पर 'रंग दे जयपुर' अभियान की शुरूआत की गई थी। जिसमें करीब 10,000 वॉलंटियर्स और 1000 आर्टिस्ट्स और सिटीजन के सहयोग से दीवारों को सजाया गया था। उसी की तर्ज पर रंग दे बीकाणा अभियान शुरू किया गया है। इस दौरान सीईओ जिला परिषद सोहनलाल, टीओ धीरज जोशी, सीडीईओ महेन्द्र शर्मा, एडीपीसी कृष्ण कुमार बिश्नोई, मलंग फाउंडेशन के गोपाल, महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज प्रिंसिपल दीप्ति कश्यप व अन्य स्टाफ में नीलम राजपुरोहित, सुशीला बाटन, अरूण बाकोलिया, भूमिका परमार, वंदना खट्टर समेत बड़ी संख्या में कॉलेज स्टूडेंट्स उपस्थित रहे।

मुकाम में जम्भेश्वर आसोज मेला 21 को

नोखा, (कासं)। मुकाम स्थित श्री गुरू जम्भेश्वर भगवान के समाधि स्थल पर 21 सितम्बर को भरने वाले आसोज मेले का जायजा लिया।

अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा के महासचिव रूपाराम कालीराणा ने पूर्व विधायक बिहारीलाल बिश्नोई को मेला व्यवस्था से संबंधित समस्याओं से अवगत कराया। उसके बाद पूर्व विधायक ने अधिकारियों को माकूल इंतजाम के निर्देश दिए। बिश्नोई को कालीराणा ने सुरक्षा, कानून व्यवस्था, पर्याप्त पुलिस बल, बिजली आपूर्ति, सड़क मरम्मत और जल व्यवस्था से जुड़ी वर्तमान समस्याओं के बारे में जानकारी दी।

इस पर पूर्व विधायक बिहारीलाल बिश्नोई ने पुलिस प्रशासन, बिजली विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग और ग्रीफ विभाग के उच्च अधिकारियों से बात की। उन्होंने अधिकारियों को दो दिन के भीतर मुकाम मेले की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस दौरान समराथल धोरा, मुकाम रेस्क्यू सेंटर, गौशाला और भोजनशाला परिसर का भी निरीक्षण कर मेला व्यवस्था का जायजा लिया।

मुकाम आगमन पर वरिष्ठ आईएएस अधिकारी ललित के पंवार का भी स्वागत किया। पूर्व विधायक बिहारीलाल बिश्नोई ने उन्हें साफा पहनाया। जबकि रूपाराम कालीराणा ने शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। इस अवसर पर पूर्व सरपंच शंकरलाल, जुगल किशोर बिश्नोई, मांगीलाल सारण, रामलाल बिश्नोई, हनुमान मुकाम, राजाराम गोदारा हनुमानगढ़, पूनमचंद लोहमरोड़ आदि मौजूद थे।

फसल बीमा क्लेम भुगतान की मांग

सूरतगढ़, (कासं)। फसल बीमा क्लेम की मांग को लेकर सूरतगढ़ के टिब्बा क्षेत्र के सैकड़ों किसानों का बुधवार रात को भी उपखंड कार्यालय के आगे धरना और पड़ाव जारी रहा।

किसानों ने रात कार्यालय के आगे बिछी दरियों पर बिताई। दिन में किसानों ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ और रबी 2024 के बकाया क्लेम के भुगतान की मांग को लेकर एसडीएम कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया था। किसानों की मांग थी कि जब तक 230 करोड़ रूपये की क्लेम राशि उनके बैंक खातों में जमा नहीं होती, वे अपना आंदोलन जारी रखेंगे। प्रदर्शनकारी किसानों का कहना था कि क्षेमा इंश्योरेंस कंपनी ने बिना कारण भुगतान रोक रखा है।

दोपहर बाद तक चली सभा में पूर्व विधायक राजेन्द्र भादू, किसान नेता राकेश बिश्नोई, जसराम बुगालिया, कालूराम थोरी, अमित कल्याणा, ओम राजपुरोहित, नरेन्द्र घिंटाला आदि ने विचार विमर्श के बाद प्रशासन को शाम 4 बजे तक का अल्टीमेटम दिया था। इसके बाद जनप्रतिनिधियों ने सैकड़ों किसानों के साथ उपखंड कार्यालय में घुसने की चेतावनी दी। जिस पर हरकत में आये प्रशासन ने शाम 5 बजे उपखंड कार्यालय में जनप्रतिनिधियों से वार्ता की। इस दौरान एसडीएम भरत जयप्रकाश मीणा ने क्लेम से संबंधित जानकारी किसानों से ली। किसान प्रतिनिधियों ने एसडीएम को कंपनी द्वारा 2024 खरीफ और रबी की रोकी गई क्लेम की राशि से अवगत करवाया। सरकार ने भी सब्सिडी जमा करवा दी, लेकिन किसानों के बैंक खातों में इंश्योरेंस कंपनी बकाया क्लेम की राशि जमा नहीं कर रही है।

सार-समाचार

राहत सामग्री से भरा ट्रक रवाना

जमीअत उलमा-ए-हिन्द शाखा बीकानेर ने जम्मू-कश्मीर बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री से भरा ट्रक रवाना किया।

बीकानेर, (कासं)। जमीअत उलमा-ए-हिन्द शाखा बीकानेर की जानिब से जम्मू-कश्मीर बाढ़ पीडितों के लिए राहत सामग्री से भरा ट्रक रवाना किया गया। शाखा बीकानेर के महासचिव मौलाना मोहम्मद इरशाद कासमी ने बताया कि इस समय मुल्क के कई राज्य बाढ़ की चपेट में हैं और हजरत मदनी साहब के निर्देशानुसार जमीअत की कई यूनिट हिमाचल, पंजाब और जम्मू-कश्मीर में लगातार राहत कार्य अंजाम दे रही हैं। इस ट्रक में 300 गद्दे, 304 कंबल, 200 मच्छरदानी और बेहतरीन नए कपड़े शामिल किए गए हैं। इसके अलावा सर्द मौसम और मकानों के गिर जाने की वजह से 60 खेमे (बांस सहित) अम्बाला से भेजे गए है ताकि पीडित परिवार अस्थायी रूप से सुरक्षित ठहर सकें। राहत सामग्री को जम्मू-कश्मीर में बाढ़ पीडितों तक पहुंचाने के लिए जमीअत शाखा बीकानेर की ओर से मौलाना फारूक कासमी के निगरानी मोहम्मद राशिद कोहरी, हाफिज अजमल हुसैन, इरशाद गौरी, गुलाम हुसैन, एहसानुल्लाह, मोहम्मद फारूक, शब्बीर और शफीक समेत 11 स्वयंसेवक सीधे वितरण करेंगे। सामग्री को मौलाना इरशाद कासमी की दुआओं के साथ रवाना किया गया।

म्यूजियम कार्मिकों ने की सफाई

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर म्यूजियम कार्मिकों ने स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई की।

बीकानेर, (कासं)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पुरातत्व विभाग द्वारा मनाए जा रहे सांस्कृतिक सृजन पखवाड़े के तहत गंगा राजकीय संग्रहालय और अन्य संरक्षित स्मारकों की साफ-सफाई की गई। संग्रहालय अध्यक्ष राकेश शर्मा ने बताया कि इसमें संग्रहालय में पदस्थापित सभी कार्मिकों ने भागीदारी निभाई तथा साफ-सफाई करने के साथ स्वच्छता बनाए रखने की शपथ ली गई। संग्रहालय अध्यक्ष ने कार्मिकों को स्वच्छता के महत्व के बारे में बताया तथा अपने घर और आस-पास के क्षेत्र में साफ-सफाई रखने का आव्हान किया।

बेरोजगारी भत्ता लेने वाले 33 में से 24 इंटनर्स अनुपस्थित मिले

बीकानेर,(कासं)। रोजगार कार्यालय द्वारा मुख्यमंत्री युवा सम्बल योजना के तहत बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने वाले इंटनर्स का सघन जांच अभियान गुरूवार को भी जारी रहा।

उप क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय के उपनिदेशक हरगोबिंद मित्तल ने बताया कि लूणकरनसर तहसील के विभिन्न विद्यालयों तथा चिकित्सा संस्थान में भौतिक सत्यापन टीम द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। तहसील में स्थित पीपेरा, सहनीवाला, बडेरण, सुरनाणा, रोझां तथा फूलदेसर के आठ विद्यालयों तथा एक पीएचसी में इंटर्नशिप करने वाले आशार्थियों का उपस्थिति पंजिका से भौतिक सत्यापन किया गया।

भौतिक सत्यापन में इंटर्नशिप कर रहे 33 में से 24 प्रार्थी अनुपस्थित मिले तथा 17 इंटनर्स विगत कई दिनों या पूरे सितम्बर में अनुपस्थित पाये गए।

- **लूणकरनसर तहसील के विभिन्न विद्यालयों तथा चिकित्सा संस्थान में भौतिक सत्यापन टीम द्वारा औचक निरीक्षण किया गया**

इनमें राउप्रावि सहनीवाला में 3, फूलदेसर में 2, राउमावि बडेरण में 3, रोझां में 3, सुरनाणा में 3 इंटनर्स अनुपस्थित मिले। राउमावि पीपेरा तथा पीएचसी सुरनाणा में सभी इंटनर्स अनुपस्थित पाये गए। लगातार अनुपस्थित चल रहे प्रार्थियों का बेरोजगार भत्ता बंद करने की कार्यवाही की जा रही है।

इन सभी इंटनर्स के ऑनलाइन दस्तावेजों का रिकॉर्ड से मिलान किया जायेगा तथा अनियमितता पाये जाने अथवा कूटरचित दस्तावेज अपलोड पाए जाने पर संबंधित प्रार्थी से बेरोजगारी भत्ता राशि की वसूली अथवा कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

मित्तल ने बताया कि रोजगार विभाग द्वारा अभियान चलाकर लगातार भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिन विभागों में भी बेरोजगारी भत्ता के लिए इंटर्नशिप हेतु आशार्थी भेजे जा रहें हैं, वहां के कार्यालय अध्यक्ष इन्टनर्स से संबंधित दस्तावेज संधारित करवाएं तथा समय-समय पर स्वयं जांच करें। सत्यापन में इंटनर्स के लगातार अनुपस्थित रहने के काफी मामले मिल रहे हैं, जिससे प्रतीत होता है कि कार्यालयाध्यक्षों द्वारा पूर्ण निगरानी नहीं रखी जा रही है। अनुचित तरीके से बेरोजगारी भत्ता लेने पर कार्रवाई होगी।

मरम्मत के कारण आज जलापूर्ति बाधित रहेगी

बीकानेर, (कासं)। जिले में गर्मी के मौसम में निर्बाध एवं सुचारू पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए शोभासर प्लांट स्थित क्लियर वाटर पंपिंग स्टेशन तथा न्यू मास्टर हैडवर्क्स पर स्थापित हेडर लीकेज के मरम्मत का कार्य शुक्रवार को किया जाना प्रस्तावित है। इस तकनीकी कार्य के चलते 19 सितम्बर को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जलापूर्ति बाधित रहेगी।

अधिशाषी अभियंता नितेश सागर ने बताया कि नयाशहर जोन, नत्थूसर जोन, लक्ष्मीनाथजी जोन, मुक्ता प्रसाद जोन, एमपी कॉलोनी जोन और रामपुरा जोन में जलापूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने नागरिकों से इस अवधि में आवश्यक जल संग्रहण पूर्व में सुनिश्चित कर करने एवं जल के विवेकपूर्ण उपयोग में सहयोग का आव्हान किया है। उन्होंने कहा है कि यह कार्य शहरवासियों को बेहतर जल सुविधा उपलब्ध कराने के लिए किया जा रहा है।

ऐप से आमजन मनरेगा कार्यों को देख सकेंगे

बीकानेर, (कासं)। महात्मा गांधी नरेगा योजना में पारदर्शिता बढ़ाने योजना के तहत सृजित परिसंपत्तियों तथा अन्य जानकारी आम जनता तक आसानी से उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा जन मनरेगा ऐप विकसित किया गया है। इस ऐप के माध्यम से आमजन मनरेगा से संबंधित कार्यों को देख सकेंगे। अपना फीडबैक भी दे सकेंगे।

जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहनलाल ने बताया कि विभागीय निर्देशों के अनुसार इस ऐप को अधिक से अधिक उपयोग करने के लिए सरकारी अधिकारियों और कर्मचारी, गैर सरकारी संस्थान, मनरेगा श्रमिकों तथा आमजन को अधिक से अधिक डाउनलोड करवाया जायेगा। इसके लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने जिले की समस्त पंचायत समितियों और ग्राम पंचायतों के अधिकारियों और कर्मचारियों को यह ऐप डाउनलोड करने और इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि भारत सरकार की मंशा के अनुरूप मनरेगा कार्यों की जानकारी आम नागरिकों तक पहुंचाने और उनका फीडबैक लेने के उद्देश्य से जननरेगा ऐप विकसित किया गया है। ऐप से आमजन कार्यों की स्थिति, मजदूरों की जानकारी भुगतान और शिकायतों पर की गई कार्यवाही की जानकारी ले सकेंगे।

- **ग्रामीण विकास मंत्रालय ने जन मनरेगा ऐप लांच किया**
- **घर बैठे ले सकेंगें कार्यों की जानकारी, दे सकेंगे फीडबैक**

लालगढ़ स्टेशन के सामने भूमि पर बना पार्क

बीकानेर,(कासं)। बीकानेर विकास प्राधिकरण ने लालगढ़ रेलवे स्टेशन के सामने वार्ड नं. 37 स्थित रिक्त भूमि को अवैध कब्जों से मुक्त करवाकर स्थानीय नागरिकों और यात्रियों की सुविधा के लिए एक पार्क विकसित किया गया है। बीडीए की इस पहल ने न केवल क्षेत्र की सूरत बदली है, बल्कि आसपास के निवासियों को स्वस्थ एवं स्वच्छ वातावरण भी प्रदान किया है।

बीडीए आयुक्त अपर्णा गुप्ता ने बताया कि पार्क निर्माण पर अब तक लगभग 40 लाख रूपये का व्यय किया जा चुका है। गुरूवार को अतिरिक्त 5 लाख रूपये का कार्यादेश जारी कर इस कार्य को और सुदृढ़ बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया गया है। बीडीए उपायुक्त कुणाल राहड़ ने बताया कि इस पार्क के निर्माण से न केवल कॉलोनी वासियों को लाभ मिलेगा, बल्कि लालगढ़ रेलवे स्टेशन पर आने-जाने वाले यात्री भी इससे लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण सार्वजनिक स्थलों का विकास निरंतर कर रहा है। पूर्व में जहां यह भूमि अव्यवस्थित पड़ी थी और अवैध कब्जों की समस्या बनी रहती थी। वहीं अब यह क्षेत्र एक आकर्षण स्थल में बदल गया है।

- **अवैध कब्जों से मुक्त करवाकर यात्रियों की सुविधा के लिए एक पार्क विकसित किया**

बुजुर्ग महिला की पेंशन मंजूर

बीकानेर, (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर आयोजित हो रहे सेवा पखवाड़ा के दूसरे दिवस गुरूवार को ग्राम पंचायत नाडा एवं शिवनगर में ग्रामीण सेवा शिविर लगाया।

खाजूवाला विधायक डॉ. विश्वनाथ मेघवाल ने शिविर का निरीक्षण किया और केन्द्र तथा राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों को शिविरों का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की। सभी विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली।

शिविर प्रभारी दिव्या विश्नोई ने बताया कि शिविर में खाद्य सुरक्षा से संबंधित 50 से अधिक आवेदनों को निस्तारित किया गया। 98 वर्षीय वृद्धावस्था का पेंशन आवेदन करवाकर पीपीओ जारी करवाया गया।

शहरी सड़कें होंगी दुरूस्त, 25 करोड़ के कार्यादेश, काम शुरू

बीकानेर, (कासं)। बीकानेर विकास प्राधिकरण द्वारा सड़कों की स्थिति सुधारने के लिए 25 करोड़ रूपए के कार्यादेश जारी कर कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है।

बीडीए अध्यक्ष नम्रता वृष्णि ने बताया कि मानसून सहित विभिन्न कारणों से क्षतिग्रस्त सड़कों को शीघ्र दुरूस्त किया जायेगा। बीडीए द्वारा इस दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए शहरी क्षेत्र की सड़कों की स्थिति सुधारने के लिए 25 करोड़ रूपए के कार्यादेश जारी कर दिए हैं। इन सड़कों का कार्य प्रारम्भ हो गया है।

बीडीए द्वारा इनकी पूर्ण मॉनिटरिंग की जायेगी तथा आने वाले कुछ समय में यह सड़कें दुरूस्त होने से आमजन को आवागमन में सुविधा होगी। शहरी क्षेत्र के सार्वजनिक उद्यान हरे-भरे हों तथा इनमें आकर्षक लाइटिंग, वॉकिंग ट्रैक आदि हों। इसे ध्यान रखते हुए सार्वजनिक उद्यानों का विकास करवाया जायेगा। इसके लिए भी तीन करोड़ रूपए की स्वीकृति के कार्यादेश जारी कर दिए हैं। यह कार्य प्रारम्भ भी हो चुके हैं।

बीडीए आयुक्त अपर्णा गुप्ता ने बताया कि राज्य सरकार की बजट घोषणाओं की पालना में भी बीडीए द्वारा विभिन्न कार्य करवाए जा रहे हैं। इनमें कबीर वाटिका के विकास के लिए 55 करोड़, बीकानेर विकास प्राधिकरण के भवन निर्माण के लिए 30 करोड़ तथा कोठारी अस्पताल के पास से नाला निर्माण के लिए 3 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया को बीडीए द्वारा आधारभूत सहित अत्याधुनिक सुविधाएं मुहैया करवाने की दिशा में योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है।

- **सार्वजनिक उद्यानों के विकास के लिए भी तीन करोड़ रूपए की स्वीकृति के कार्यादेश जारी कर दिए हैं**

सेवा पखवाड़े के तहत कोलायत की लव कुश वाटिका में लगाये पांच हजार पौधे

बीकानेर, (कासं)। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत सेवा पखवाड़े के दौरान बीकानेर वन मंडल के कोलायत स्थित लव कुश वाटिका में एक साथ पांच हजार पौधे लगाये गए। इनमें रोहिड़ा के एक हजार पौधों का रोपण किया गया।

उपवन संरक्षक लखन सिंह ने बताया कि मारवाड़ टीक के नाम से पहचाने जाने वाला यह पौधा जिले की सांस्कृतिक और पारिस्थितिकी पहचान है। रोहिड़ा का इतनी बड़े स्तर पर एक ही दिन और एक ही स्थान पर पौधारोपण पहली बार किया गया है। उन्होंने बताया कि जिला प्रभारी सचिव ने एक हेक्टेयर क्षेत्र में रोहिड़ा का समर्पित ब्लॉक विकसित करने के निर्देश दिए थे। जिला कलेक्टर ने पंच गौरव में शामिल रोहिड़ा के लिए ऐसी कार्यवाही के लिए निर्देशित किया था।

उन्होंने बताया कि भविष्य में इस वाटिका में रोहिड़ा के केसरिया फूल खिलेंगे तो यह स्थान पर्यावरणीय दृष्टि के साथ सौन्दर्य और सांस्कृतिक महत्व की दृष्टि से भी अद्वितीय बनेगा। शेष पौधों में मुख्य रूप से राज्य वृक्ष खेजड़ी तथा अन्य देशी प्रजातियों के पौधे लगाये गए। खेजड़ी मरूस्थलीय स्थिति का आधार स्तंभ और राजस्थान के ग्रामीण जीवन का अभिनव अंग माना जाता है।

एक पेड़ मां के नाम अभियान व सेवा पखवाड़े के तहत कोलायत की लव कुश वाटिका में पांच हजार पौधे लगाये।

इसके अतिरिक्त गंभीर रूप से संकटग्रस्त औषधि प्रजाति गुग्गल के पौधे भी बड़ी संख्या में लगाये गए, जो जैव विविधता संरक्षण और औषधीय महत्व की दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि लव कुश वाटिका केवल पौधारोपण स्थल नहीं बल्कि प्रकृति संरक्षण जैव विविधता संवर्धन और मरूस्थलीय पारिस्थितिकी के अध्ययन का केन्द्र बनेगा। लवकुश वाटिका कोलायत में सेवा पखवाड़े के दौरान इन पौधों के रोपण के साथ जिले में पर्यावरण जागरूकता, सेवा भाव और सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण का जीवंत उदाहरण दिया गया।

- **लव कुश वाटिका में रोहिड़ा के एक हजार पौधों का रोपण किया गया**

ग्रामीण-शहरी सेवा शिविरों का निरीक्षण किया

हनुमानगढ़, (कासं)। प्रभारी सचिव एवं खेल, युवा मामले शासन सचिव डॉ. नीरज के. पवन ने जिला कलेक्टर डॉ. खुशाल यादव के साथ ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविरों का निरीक्षण किया।

इस मौके पर उन्होंने रावतसर के पूरबसर, धन्नासर एवं हनुमानगढ़ के चक ज्वाल सिंहवाला में ग्रामीण सेवा शिविरों का निरीक्षण किया। हनुमानगढ़ जंक्शन स्थित नगर परिषद कार्यालय एवं नोहर नगर पालिका में श्रीराम वाटिका में आयोजित शहरी सेवा शिविरों का निरीक्षण किया। उन्होंने शिविर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सेवा शिविरों का लाभ वास्तविक रूप से आमजन तक पहुंचे और उनकी समस्याओं का मौके पर ही समाधान हो सके। निरीक्षण के दौरान प्रभारी सचिव ने प्रत्येक स्टॉल पर जाकर अधिकारियों से उनके विभाग की योजनाओं और प्राप्त हो रहे आवेदनों के बारे में जानकारी ली।

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

क्रमांक :- LU2012/SGN/2025-26/101414 **लोक सूचना** दिनांक : 18.09.2025

श्री अशोक गुप्ता पुत्र श्री मुरली मनोहर निवासी 3 बी 14 जवाहर नगर, श्रीगंगानगर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का औद्योगिक (कृषि आधारित) प्रयोजनार्थ के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् :-

क्र. सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं./भूमि का विवरण	क्षेत्रफल (हैक्टेयर)
1	चक 10 जैड तहसील व जिला श्रीगंगानगर	श्री अशोक गुप्ता पुत्र श्री मुरली मनोहर	चक 10 जैड मुरब्बा नं. 03 के किला नं. 23 में 0.0380 है. किला नं. 24 में 0.1640 है. कुल 0.2020 है. एवं मुरब्बा नं. 08 के किला नं. 1 में 0.0130 है. किला नं. 2 में 0.1260 है. किला नं. 3 में 0.2400 है. किला नं. 4 में 0.2530 है. किला नं. 7/1 में 0.2350 है. किला नं. 8/2 में 0.2350 है. किला नं. 9/1 में 0.2350 है. किला नं. 10/1 में 0.2100 है. कुल 1.5470 है. एवं मुरब्बा नं. 09 के किला नं. 6 में 0.1140 है. किला नं. 13 में 0.1020 है. किला नं. 14 में 0.2030 है. किला नं. 15 में 0.2530 है. किला नं. 18 में 0.2530 है. किला नं. 19 में 0.2020 है. किला नं. 20 में 0.0760 है. किला नं. 21 में 0.2530 है. किला नं. 22/1 में 0.2500 है. कुल 1.7060 है. एवं मुरब्बा नं. 10 के किला नं. 24 में 0.0630 है. किला नं. 25 में 0.1770 है. में से 0.1320 है. कुल 0.1950 है. एवं मुरब्बा नं. 12 के किला नं. 2 में 0.0380 है. किला नं. 3 में 0.1640 है. किला नं. 4 में 0.2530 है. किला नं. 5/1 में 0.0960 है. में से 0.0710 है. किला नं. 8 में 0.2530 है. किला नं. 9 में 0.2530 है. कुल 1.032 है., यथाकुल 4.6820 हैक्टेयर	कुल 4.6820 हैक्टेयर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर- भीतर एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते हैं। उपर्युक्त नियम समय के भीतर- भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 18.09.2025 को जारी की गयी। - प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2025/4385 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 18.9.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती परविन्द्र कौर उर्फ अमृतपाल कौर पत्नी श्री बलौर सिंह निवासी दशमेश कॉलोनी, वार्ड नं. 11, पुरानी आबादी, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण
भूखण्ड का विवरण	मूल भूखण्डधारी	दस्तावेज का विवरण
चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 57/63 किला नं. 19 भूखंड माप 22.6 इंटू 25 फीट भू.सं. ए-42 फर्ट-ए श्रीगंगानगर	उक्त भूखंड का पट्टा सं. 2509 दिनांक 22.10.2003 को श्रीमती मंजू मुंडेजा पत्नी श्री गोविंद राम के नाम से जारी किया हुआ है।	श्रीमती परविन्द्र कौर उर्फ अमृतपाल द्वारा उक्त भूखंड को पंजीकृत बैयनामा दिनांक 30.03.2022 के द्वारा क्रय कर उक्त भूखंड का ऑनलाईन नामांतरण हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है।

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्रीमती परविन्द्र कौर उर्फ अमृतपाल कौर पत्नी श्री बलौर सिंह निवासी दशमेश कॉलोनी, वार्ड नं. 11, पुरानी आबादी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज/फ्री लीज होल्ड पट्टे के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर/दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास/हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा। आवेदन संख्या :- SGNR/FY25-26/MUT/702 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2025/4384 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 18.9.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती संगीता सिंगल पत्नी श्री अजय कुमार निवासी मकान नं. 31, गली नं. 1, वास्तुदेव नगर, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण
भूखण्ड का विवरण	मूल भूखण्डधारी	दस्तावेज का विवरण
चक 2 एमएल मुरब्बा नं. 48 किला नं. 08 भू.सं. सी-16 माप 20 इंटू 40 फीट, श्रीगंगानगर	उक्त भूखंड का पट्टा सं. 6061 दिनांक 31.05.2008 को श्री श्री राजकुमार पुत्र श्री परमानंद के नाम से जारी किया हुआ है।	श्रीमती संगीता सिंगल पत्नी श्री अजय कुमार निवासी मकान नं. 31, गली नं. 1, वास्तुदेव नगर, श्रीगंगानगर द्वारा उक्त भूखंड को पंजीकृत बैयनामा दिनांक 24.10.2024 के द्वारा क्रय कर उक्त भूखंड का ऑनलाईन नामान्तरण हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है।

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्रीमती संगीता सिंगल पत्नी श्री अजय कुमार निवासी मकान नं. 31, गली नं. 1, वास्तुदेव नगर, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज/फ्री लीज होल्ड पट्टे के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर/दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास/हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नह